हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वीं जन्मोत्सव से शुरू दो वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया । इस आयोजन के दौरान संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ तथा नारा लेखन प्रतियोगिता थी । कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधर्थियों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम के प्रारंम्भ में संस्थान के सभागार में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसके उपरांत भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान की कड़ी में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में 01 अक्तूबर 2020 को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया । इस दौरान संस्थान के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा संस्थान परिसर एवं उसके आस - पास के सम्पर्क मार्गों की सफाई की गई ।

कार्यक्रम में **डॉ. संदीप शर्मा**, वैज्ञानिक 'जी' ने "खाद बनाना-प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाने का एक तरीका" पर पावर-पॉइंट प्रस्तुति दी ।

स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह के मुख्य अतिथि **डॉ. शेर सिंह सामंत**, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने आसपास की सफ़ाई रखनी चाहिए तथा घर पर बचे हुये खाने तथा सब्जियों से जैविक खाद बनानी चाहिए इससे आस पास की सफ़ाई भी बनी रहती है और पौधों के लिए जैविक खाद भी बन जाती है । उन्होंने कहा कि यदि कूड़े-कचरे को अगर इस्तेमाल में लाते हैं तो वह जीने का साधन बन जाता है ।

डॉ. सामंत ने संस्थान द्वारा आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जिसमें श्रीमति कामाक्षी ने प्रथम, कुमारी अनुरानी शर्मा ने द्वितीय तथा श्रीमति दिव्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । दस शोधर्थियों को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया ।

कार्यक्रम के अंत में प्रभागाध्यक्ष विस्तार, **श्री जगदीश सिंह**, वैज्ञानिक एफ़ ने संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के आयोजन के दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी तथा समापन समारोह में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया । इस कार्यक्रम का समन्वयन **श्री नीलेश यादव**, वैज्ञानिक-ई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ



हि.व.अ.सं.
HFRI

WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

मीडिया कवरेज़

नारा लेखन में कामाक्षी ने झटका पहला स्थान

शिमला : एच.एफ.आर.आई. द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान संयुक्त चित्र में कर्मचारी। (नि.स.)

शिमला, 1 अक्तूबर (ब्यूरो) एच.एफ.आर.आई. शिमला द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर स्वच्छता अभियान, स्वच्छता शपथ तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के सभागार में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसके उपरांत सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा संस्थान परिसर एवं उसके आसपास के संपर्क मार्गों की सफाई की गई।

नारा लेखन में कामाक्षी ने प्रथम, कुमारी अनुरानी शर्मा ने द्वितीय तथा दिव्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 शोधार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri,02 October 2020
Edition: shimla kesari, Page no. 3

****